# मुख्यमंत्री 11 को रिलीज करेंगे चीते

## दो चीतों को खुले जंगल में छोड़ने का कार्यक्रम प्रस्तावित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 08 मई** .मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 11 मई को कूनो नेशनल पार्क में दो चीतों को खुले जंगल में रिलीज करेंगे। उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आज कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा एवं एसपी सुधीर अग्रवाल ने कूनो पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 मई की शाम कूनो नेशनल पार्क पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे, इसके उपरांत 11 मई को प्रात: 08 बजे कूनो रेस्टहाउस के समीप कूनो नदी के पास स्थित साइट पर चीतों को खुले जंगल में रिलीज करेंगे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दो चीतों को खुले जंगल में छोडने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आज कूनो पहुंचकर हैलीपेड स्थल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने चीता रिलीज साइट का अवलोकन किया तथा चीता रिलीज साइट पर चीता छोडने के संबंध में की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख आदि उपस्थित थे।

## पेयजल व्यवस्थाओं के लिए जिला पंचायत में कंट्रोल रूम संचालित

**श्योपुर, 08 मई.** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता, नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन तथा पेयजल संबंधी समस्या के त्वरित निराकरण हेतु जिला पंचायत में कंट्रोलरूम संचालित है। कंट्रोलरूम का दूरभाष नंबर 07530-222342 है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार पेसा एक्ट के जिला समन्वयक रामगोपाल उमरैया मोबा. 7828965909 को नोडल अधिकारी एवं आरजीएसए के जिला समन्वयक शंकरलाल पथौरिया मोबा. 6393401467 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहयोगी कर्मचारी के रूप में पंचायत सचिव त्रिलोक माहौर मोबा. 8120305526 नियुक्त किया गया है।

# सीईओ की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 8 मई.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्योपुर श्रीमती सौम्या आनंद की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एसीईओ अजय उपाध्याय, परियोजना अधिकारी विक्रम जाट, श्रीमती राजेश शर्मा, श्रीमती सारिका पाटीदार, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, डीपीएम आरजीएसए उदय सिंह धाकड आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही जनपद पंचायत श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ए.ई., उपयंत्री, ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जनपद स्तरीय प्रभारी अधिकारी तथा कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।



बैठक में विभागीय योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य रूप से लंबित टी.एल., जनसुनवाई प्रकरण, शाखावार लंबित शिकायतें, प्राथमिकता पत्र एवं लंबित हाईकोर्ट प्रकरणों के जवाब निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान, मुक्तिधाम विकास कार्य, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सी.ए.सी.बी. ब्लॉक अंतर्गत प्रत्येक जनपद पंचायत से एक-एक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएं। पंचायत स्तर पर बाढ़ राहत समितियों का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन क्षेत्रों में नाव संचालन किया जाता है वहाँ आवश्यक अनुमति प्राप्त करने एवं सुरक्षा हेतु लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

समस्त उपयंत्रियों को वर्षाकाल के पूर्व ग्रामीण सड़कों की मरम्मत एवं गड्ढो की भराई समय पर कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत क्षेत्रों में स्थित अनुपयोगी कुओं की तार फेंसिंग कर उन्हें सुरक्षित रूप से बंद किए जाने हेतु भी निर्देश प्रदान किए गए।

300 दिवस से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की जांच कर उनका उचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल संबंधी शिकायतें जिला एवं जनपद कंट्रोल रूम में प्राप्त होने पर उनका त्वरित निराकरण किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाए।

# सेवा सप्ताह का हुआ आयोजन, विभिन्न क्षेत्रो में योगदान देने वाले हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 08 मई.** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस श्योपुर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशन में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 2 मई से 8 मई तक आयोजित सेवा सप्ताह का आज समारोहर्पूवक समापन संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्योपुर में आयोजित समापन अवसर पर समाज सेवा, खेल, स्वास्थ्य एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं कैलाश नारायण गुप्ता, चेयरमैन अमित सूद, सचिव दिनेश राज दुबोलिया, वी.के. सक्सेना, प्राचार्य डॉ ओ.पी. शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।



भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि रेडक्रॉस सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का प्रतीक है। विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व विकास के साथ समाज के प्रति दायित्व निभाने के लिए आगे आना चाहिए।

पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि समाज सेवा ही वास्तविक राष्ट्र सेवा है। युवा यदि सेवा के कार्यों से जुड़ेंगे तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से आएगा।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी ने जिस तरह से मानवता के सेवा कार्य में जिस तरह से कार्य किया है यह पुण्य का कार्य है इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अमित सूद ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस मानवता की सेवा का वैश्विक अभियान है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही इसका मूल उद्देश्य है और युवाओं की भागीदारी इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री दिनेशराज दुबोलिया ने किया। समापन अवसर पर रेडक्रॉस द्वारा वनवासी कल्याण सेवा कार्य हेतु दुर्गाप्रसाद गर्ग (सेवा भारती), जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु रामअवतार शर्मा, चिकित्सा सेवा कार्य हेतु रिंकू मित्तल, रक्तदान जागरूकता हेतु सुरेंद्र कौशल, फुटबॉल में संतोष ट्रॉफी सहभागिता हेतु सोनू शर्मा, पोषण आहार कार्य हेतु विप्लव शर्मा (उमंग हेल्थ केयर संस्था), फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता हेतु वर्षा ओढ़, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु मुस्कान गुर्जर, टेबल टेनिस में राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता हेतु तन्वी अवस्थी, अंडर-14 हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु देव जंगम, भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ईश्वर वैष्णव, रेडक्रॉस सप्ताह में सक्रिय सहभागिता हेतु मो. अशरफ ख्वाजा एवं नवल राठौर, महाविद्यालय में रेडक्रॉस गतिविधियों के सफल संचालन एवं सक्रिय योगदान हेतु डॉ. भूपेन्द्र हरदेनिया को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति सदस्यगण सतीश व्यास, महावीर गुप्ता, श्रीमती निर्मला आचार्य, कृष्णकांत उपाध्याय, विष्णु वाल्मीकि, सदस्यगण राजकुमार शर्मा, गौरीशंकर मीणा, सुरेश जैन, ओमप्रकाश जारौलिया, अशरफ ख्वाजा, नवल राठौर एवं रिंकू मित्तल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. सीमा चौकसे, डॉ. अरविंद दोहरे, ज्योत्सना मेघवाल, डॉ. वीरेंद्र रजक, उर्मिला बाथम, शिवम् भदौरिया, प्रेमचंद एक्का, आसिफ कुरैशी सहित अन्य स्टाफसदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

# सड़क सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान



**बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर हुई कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 8 मई.** जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजाना कुशवाह द्वारा जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मार्गों पर संचालित ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई।

चेकिंग अभियान के तहत सवाई माधोपुर रोड, जैदा मंडी, बड़ौदा रोड, मुरैना एवं वीरपुर रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे की ओर दुर्घटना से बचाव हेतु रेडियम लगाए गए। बिना रेडियम पाए गए ट्रैक्टरों पर मौके पर ही रेडियम लगवाए गए, जिससे रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

इसके साथ ही बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि अप्रैल माह में भी चेकिंग स्टाफद्वारा बिना नंबर प्लेट पाए गए 49 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 26 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया था।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे तथा बिना नंबर प्लेट एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## 12वी की द्वितीय परीक्षा में शामिल हुए 81 परीक्षार्थी

**श्योपुर.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर 12वी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। हिन्दी विषय की परीक्षा में 81 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 05 सेंटरों पर आयोजित हुई। हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 83 परीक्षार्थियों में से 81 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।





# जत्ती घाट पर किया स्वच्छता श्रमदान

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 8 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज तीसरे दिन भी जत्ती घाट पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीप नदी के विभिन्न घाटों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। नोडल अधिकारी आदित्य चौहान ने बताया कि गिर्राजेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित गिर्राज घाट से इस अभियान की शुरुआत करते हुए गुप्तेश्वर महादेव घाट कदवाल नदी की साफ-सफाई के उपरांत जतेश्वर महादेव मन्दिर के पास स्थित जती घाट की साफ-सफाई का कार्य पिछले तीन दिनों से किया जा रहा है, जिससे वर्तमान में घाट का स्वरूप निखर आया है।

इस दौरान नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष संजय महाना, आदित्य चौहान सहित गायत्री परिवार के ब्रजनेश सिंह परिहार, पूरणमल जांगीड, कैलाश पाराशर, चौथमल शर्मा, जतीघाट सेवा समिति के नाथूलाल सोनी, डॉ ओपी टक्साली, मातृछाया संगठन से भास्कराचार्य टक्साली, श्रीमति विष्णु कांता टक्साली, नगर पालिका से ओमप्रकाश सुमन, शानू रजक, देवकी नंदन रजक सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यगण तथा सत्यभानू जाटव, अरविन्द पाराशर, रामअवतार शर्मा आदि के द्वारा श्रमदान में भाग लिया गया।

# वर्षाकाल के पूर्व नालों की साफ-सफाई कराने के निर्देश,होगा तीन पुलियाओं का निर्माण

## सेल्फ मोटिवेशन के साथ कार्य करें, योजनाओं का लाभ दें-डीएम ; नगर परिषद बड़ौदा में बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 8 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने नगर परिषद कार्यालय बडौदा के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सेल्फ मोटिवेशन के साथ कार्य करें तथा शासन की मंशानुरूप कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य की सेवाओं को ओर अधिक सुदृढ बनाया जायें तथा हितग्राही मूलक योजनाओं में लोगों को लाभ प्रदान किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि बडौदा में वर्षाकाल के दौरान जलभराव की स्थिति को दूर करने के लिए सभी मुख्य नालों की साफ-सफाई का कार्य बारिश से पूर्व पूर्ण कर लिया जायें तथा नालों का चौडीकरण किया जायें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, नगरपरिषद बडौदा के अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, सीएमओ राधेरमण यादव, तहसीलदार सुरेश राठौर एवं शैलेन्द्र देव सिंह, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चेतन्य चौहान, एमपीआरडीसी के एजीएम सुनील पुआरे, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अनिल पटले, अधीक्षक भू-अभिलेख कुलदीप बोहरे सीडीपीओ पवनजीत सिंह अरोरा सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि नालों की साफ-सफाई का कार्य गंभीरता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जायें। उन्होंने कहा कि नालों का गहरीकरण किया जायें तथा उनका चौडीकरण करते हुए सफाई कार्य सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि एमपीआरडीसी अंतर्गत बनने वाले पुलियाओं के निर्माण की प्रक्रिया संचालित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि आंगनबाडी भवनों के निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण किये जायें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल संरचनाओं, कुओं एवं बावडियों के गहरीकरण, रिनोवेशन तथा साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश भी सीएमओ को दिये गये।

**बडौदा के मुख्य नालों का निरीक्षण:** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा बैठक के उपरांत अधिकारियों के साथ बडौदा के मुख्य नालों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने भट्टा महाराज के पास स्थित पुलिया पर नाला निकासी का निरीक्षण करते हुए नाले के चौडीकरण तथा गहरीकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल की पुलिया तथा रतोदन दरवाजे के पास नालों का निरीक्षण भी किया। उक्त नाले का निर्माण कार्य नगरपरिषद द्वारा कराया जा रहा है। इस संबंध में वर्षा के पूर्व तक आबादी क्षेत्र में तेजी से नाले का निर्माण कराने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने किया तीनों पुलियाओं के स्थल का निरीक्षण

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा बडौदा भ्रमण के दौरान एमपीआरडीसी द्वारा बनाये जाने वाले तीन पुलियाओं के स्थल का निरीक्षण भी किया गया। वर्षाकाल के दौरान जल निकासी को सुगम बनाने के उद्देश्य से एमपीआरडीसी अंतर्गत पूर्व निर्मित पुलियाओं के स्थान पर तीन नवीन पुलिया के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह पुलिया पर्याप्त लम्बाई एवं ऊचाई की बनाई जायेगी। एमपीआरडीसी के सुनील पुआरे ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि बीएसएनएल टावर, थाने के पास तथा भट्टा महाराज के पास नवीन सिरे से पुलिया निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके टेण्डर के लिए प्रक्रिया की जा रही है। इन पुलियाओं का निर्माण 2 करोड 30 लाख रूपये की लागत से होगा, जिससे वर्षाकाल के दौरान पानी की निकासी आसानी से हो सकेंगी।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा बडौदा भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा का निरीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान बीएमओ डॉ राघवेन्द्र भदौरिया सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहें। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा इस अवसर पर अस्पताल के रोगी वार्ड में मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देश दिये कि ओपीडी का संचालन नियमित तरीके से किया जायें तथा ओपीडी में चिकित्सकों की सतत् रूप से उपस्थिति रहें, यह सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड आदि का अवलोकन किया गया।

# आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचीं कलेक्टर, देखी व्यवस्थाएं





**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 08 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम नसीहर स्थित आंगनबाडी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती किरण जाटव से आंगनबाडी केन्द्र संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय पर टीएचआर वितरण के निर्देश दिये गये। आंगनबाडी केन्द्र में दर्ज 30 बच्चों की जानकारी पोषण ट्रेकर एप में किये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये, इस दौरान नाश्ते और खाने का सैम्पल नही रखने, रिकार्ड रजिस्टर व्यवस्थित नही पाये जाने तथा टीएचआर वितरण नही होने पर आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती किरण जाटव, सहायिका श्रीमती राधा गुर्जर तथा सेक्टर के सुपरवाईजर सुरेन्द्र सिंह कतरोलिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

## सुपरवाईजर सहित कार्यकर्ता, सहायिका को नोटिस जारी

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आंगनबाडी केन्द्र निरीक्षण के दौरान ही परिसर में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय नसीहर के संबंध में भी ग्रामीणों से चर्चा की गई तथा बच्चों से पढाई के बारे में जानकारी ली गई। बच्चों एवं ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते विद्यालय बंद है, लेकिन स्कूल खुलने के समय भी शिक्षक नियमित रूप से नही आते है तथा विद्यालय में पूरे समय तक नही रूकते है, इस कारण बच्चों की पढाई प्रभावित होती है। इस पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता को दूरभाष पर निर्देश दिये गये कि ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के संबंध में जांच की जाये तथा दोषी पाये जाने पर संबंधित शिक्षको के विरूद्ध कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए कलेक्टर ने स्थल का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 8 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल अंतर्गत टिकटोली ग्राम में बनाये जाने वाले सहरिया सांस्कृतिक भवन के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारियों ने जानकारी दी कि सहरिया सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए लगभग 4 बीघा भूमि का आवंटन किया गया है तथा भूमि का सीमाकंन कर भूमि चिन्हित कर दी गई है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा भी की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख आदि उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि 5 करोड रूपये की लागत से टिकटोली में सांस्कृतिक भवन बनाया जा रहा है।



**अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण:** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज एसडीएम कार्यालय कराहल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा कार्यालय निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई तथा अन्य राजस्व कार्या का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में दर्ज प्रकरणों का निराकरण सतत् रूप से किया जाये तथा निर्धारित दिवसों में कोर्ट लगाई जायें। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत समस्त विकासखण्ड क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की स्थिति का सतत् रूप से निगरानी रखी जायें तथा सीईओ जनपद के माध्यम से पंचायतों में नलजल योजना के माध्यम से पेयजल सुविधा को सुचारू रखा जायें।

## प्राचीन धरोहर बचाने आगे आएं नागरिक

**श्योपुर, 08 मई.** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 16 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण करना है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। यदि किसी के घर, मंदिर, मठ, आश्रम या पुस्तकालय में पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपी सुरक्षित हैं, तो उनकी, जानकारी ज्ञान भारतम मोबाइल ऐप के माध्यम से साझा करें। यह प्रक्रिया सरल है और इससे हमारी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में ज्ञान भारतम् जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।